भारत द्वारा अमेरिका के MQ-9B सशस्त्र ड्रोन के अधिग्रहण को मंज़ूरी

हाल ही में भारत के रक्षा मंत्रालय ने **संयुक्त राज्य अमेरिका से 31 MQ-9B सशस्त्र ड्रोन** की खरीद के लिये स्वीकृति प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा के दौरान 3 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के इस सौदे की घोषणा होने की उम्मीद है।

- इन उन्नत ड्रोनों के अधिग्रहण का उद्देश्य **भारत की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाना और अपने सशस्त्र बलों को मज़बूत करना है।**

MQ-9B सशस्त्र ड्रोन:

- **परिचय:**
  - MQ-9B ड्रोन **MQ-9 "रीपर" का एक वेरिएंट** है जिसका उपयोग **काबुल में अल-कायदा नेता अयमान अल-जवाहिरी** को मारने वाली हेलफायर मिसाइल के संशोधित संस्करण को लॉन्च करने के लिये किया गया था।
  - **MQ-9B** के दो वेरिएंट **स्काई-गार्जियन** और इसका सिबलिंग **सी-गार्जियन** हैं। भारतीय नौसेना वर्ष 2020 से MQ-9B सी-गार्जियन का संचालन कर रही है।
  - यह ड्रोन **40,000 फीट से अधिक ऊँचाई** पर कार्य कर सकता है जिससे उच्च ऊँचाई वाले हिमालयी सीमा क्षेत्रों में भारतीय सेना को व्यापक निगरानी क्षमता मिलती है।
  - इस प्रीडेटर की 40 घंटे की अधिकतम उड़ान क्षमता भी है जो इसे लंबे समय तक निगरानी के लिये उपयोगी बनाता है।
  - MQ-9B ड्रोन स्वचालित टेक-ऑफ और लैंडिंग, डिटेक्ट एंड एवॉइड सिस्टम, एंटी-स्पूफिंग जीपीएस तथा एन्क्रिप्टेड संचार जैसी उन्नत सुविधाओं से लैस है।

//

- **भारत की आवश्यकता:**
  - भारत को विशेष रूप से [लद्दाख में चीन के साथ चल रहे गतिरोध](#) और **पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के संदर्भ में** अपनी **भूमि तथा समुद्री सीमाओं पर निगरानी** एवं स्ट्राइक क्षमताओं को बढ़ाने के लिये **MQ-9B,** सशस्त्र ड्रोन की आवश्यकता है।
  - **हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी पनडुब्बियों और युद्धपोतों की बढ़ती उपस्थिति का मुकाबला** करने लिये **संचार और व्यापार के अपने महत्त्वपूर्ण समुद्री मार्गों की रक्षा** के लिये भारत को **MQ-9B** सशस्त्र ड्रोन की आवश्यकता है।

- **भारत** को कश्मीर और **अन्य आतंकवादग्रस्त क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिये** MQ-9B सशस्त्र ड्रोन की आवश्यकता है।

- **MQ-9B सशस्त्र ड्रोन हासिल करने से भारत को लाभ:**
  - MQ-9B सशस्त्र ड्रोन हासिल करने से भारत को **अपने विरोधियों पर एक रणनीतिक बढ़त** मिलेगी क्योंकि यह अपने मानवयुक्त विमानों या पायलटों को जोखिम में डाले बिना लंबी दूरी की निगरानी और सटीक हमले करने में सक्षम होगा।
  - MQ-9B सशस्त्र ड्रोन हासिल करने से **अमेरिका के साथ भारत के रक्षा सहयोग** को भी बढ़त मिलेगी, जो **भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत के लिये एक प्रमुख भागीदार** के रूप में उभरा है।
    - यह सौदा **अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड समूह में भारत की भूमिका** को भी मज़बूत करेगा।
  - MQ-9B सशस्त्र ड्रोन हासिल करने से भारत के रक्षा उद्योग के लिये भी अवसर बढ़ेंगे, क्योंकि इसमें मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संयुक्त उत्पादन शामिल होगा।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-approves-acquisition-of-us-mq-9b-armed-drone